बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–06.10.2024

औरंगाबाद जिले का एक–एक लाख का ईनामी कुख्यात वांछित नक्सली जोनल कमाण्डर सुभाष यादव उर्फ गौरव, जोनल कमाण्डर सुधाकर उर्फ नट बोल्ट उर्फ रामविनय रविदास एवं सब जोनल कमाण्डर सत्येन्द्र रविदास उर्फ विधायक जी एवं सत्येन्द्र सिंह अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- आज दिनांक 06.10.24 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं औरंगाबाद जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में औरंगाबाद जिला का एक लाख रूपये का ईनामी कुख्यात वांछित नक्सली 1. जोनल कमाण्डर सुभाष यादव यादव उर्फ गौरव पे0 स्व0 सीताराम यादव सा0 काजीबिगहा थाना गोह जिला औरंगाबाद 2. एक लाख रूपये का ईनामी जोनल कमाण्डर सुधाकर उर्फ नट बोल्ट उर्फ रामविनय रविदास उर्फ रंजन जी पे0 रामरतन दास सा0 मलहद थाना बंदेया जिला औरंगाबाद 3. सब जोनल कमाण्डर सत्येन्द्र रविदास उर्फ विधायक जी पे0 महावीर रविदास सा0 अराई थाना दाउदनगर जिला औरंगाबाद एवं 4. सत्येन्द्र सिंह पे0 स्व0 रामानांद सिंह सा0 सत्यदेव नगर थाना हंसपुरा जिला औरंगाबाद को हंसपुरा थाना (औरंगाबाद) थाना क्षेत्र से छापामारी कर अवैद्य आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया।

  बरामदगी :–

  1. देशी पिस्टल 03
  2. जिन्दा कारतुस 08

- उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार नक्सली सुभाष यादव वर्ष 2024 में औरंगाबाद जिला के रफीगंज थाना क्षेत्र में जे0सी0बी0 जलाने की घटना एवं गया जिला के कोंच थाना क्षेत्र में जितेन्द्र उर्फ हीरा यादव की हत्या में शामिल था।

- गिरफ्तार नक्सली सुधाकर उर्फ नट बोल्ट उर्फ रामविनय रविदास उर्फ रंजन जी वर्ष 2016 में नवादा जिला के सिरदल्ला थाना क्षेत्र अवस्थित निर्माणाधीन खरौन्ध रेलवे स्टेशन पर हुए नक्सली हमले में शामिल था।
- गिरफ्तार नक्सली सत्येन्द्र रविदास उर्फ विद्यायक जी वर्ष 2005 में जहानाबाद जेल ब्रेक की घटना एवं वर्ष 2012 में गया जिला के कोंच थाना क्षेत्र में जे0सी0बी0 जलाने की घटना में शामिल था।
- उक्त गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध गया, जहानाबाद, नवादा एवं औरंगाबाद जिला के विभिन्न थानों में कई नक्सल कांड दर्ज हैं।
- उपरोक्त गिरफ्तार नक्सलियों से पुछताछ जारी है।

STF